**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-37 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **37-** क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के नगर निगम जोन-5 में उ0प्र0 जल निगम द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत बाबू कुंज बिहारी लाल वार्ड, गीतापल्ली वार्ड में सीवर लाइन डालने के पश्चात क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण किस संस्था द्वारा किया गया है ? | अमृत योजनान्तर्गत लखनऊ सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-4 जोन-4 फेज-1 एवं फेज-2 योजना के अनुबंध दिनांक 01.10.2019 के माध्यम से मैसर्स अजय प्रकाश एसोसिएट्स (ज्वाइन्ट वेन्चर लीड पार्टनर) टाउन हाल, डी0आई0सी0 आफिस, शाहजहॉपुर-242001 द्वारा आलमबाग क्षेत्र के 5 वार्डो गुरूनानक नगर, गुरू गोविन्द सिंह, बाबू कुंज बिहारी, ओम नगर एवं गीतापल्ली में सीवर लाइन बिछाये जाने के कार्य एवं सीवर हाउस कनेक्शन के निर्माण कार्य कराये जा रहे है। |
| (ख) बाबू कुंज बिहारी लाल वार्ड के कैलाशपुरी मोहल्ले में सुमन्त सिंह नेगी के मकान से ओमकार सिंह के मकान होते हुए गली नंबर-4 तक सीवर पाइप लाइन के लिए खोदी गयी/क्षतिग्रस्त सड़क के कारण अध्यासियों को आवागमन में कठिनाई के दृष्टिगत सड़क का निर्माण पूर्ण न होने के क्या कारण है ? | प्रश्नगत क्षेत्र में निर्माणधीन सीवर लाइन के डाउन स्ट्रीम में 2 मेनहोल का निर्माण कार्य किया जाना शेष है। उक्त मेनहोलों के निर्माण के उपरान्त प्रश्नगत क्षेत्र में सीवर हाउस कनेक्शन के कार्यो को भी कराया जाना है।<br>अतः प्रश्नगत क्षेत्र में सीवर लाइन निर्माण के कारण सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में संभव नहीं है, जनहित में आवागमन के दृष्टिगत उक्त क्षेत्र में आवश्यक साफ-सफाई करा दी गयी है।<br>प्रश्नगत क्षेत्र में सीवर निर्माण के उपरान्त सड़क निर्माण का कार्य मार्च, 2025 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। |
| (ग) जनहित में कब तक उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**